भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 3173

गुरूवार, 27 मार्च, 2025/6 चैत्र, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

नये पर्यटन स्थलों की खोज

3173 श्री संत बलबीर सिंह:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पंजाब में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार क्या विशेष प्रयास कर रही है;

(ख) क्या राज्य के पर्यटन अवसंरचना में वृद्धि करने या इसकी सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोई हाल की या आगामी परियोजनाएं हैं;

(ग) क्या मंत्रालय भविष्य में अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पंजाब और देश भर में नए या कम ज्ञात स्थानों की खोज कर रहा है;

(घ) इन नए स्थलों की पहचान और विकास के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ङ) देश में, विशेष रूप से पंजाब जैसे उच्च पर्यटक आवागमन वाले क्षेत्रों में, संधारणीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): पर्यटक गंतव्यों और उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' (एसडी), 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से पंजाब राज्य सहित अन्य राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटन केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) के तौर पर नया रूप दिया है।

भारत सरकार ने प्रतिष्ठित पर्यटक केन्द्रों के विकास के लिए पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) के दिशानिर्देशों के अंतर्गत पंजाब राज्य में एक परियोजना अनुमोदित की है।

मंत्रालय उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत देश में अल्पज्ञात गंतव्यों सहित विभिन्न पर्यटक गंतव्यों का संवर्धन और विकास करता है। पंजाब राज्य के लिए उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और ऐसी परियोजनाओं के लिए निर्धारित शर्तों की पूर्ति और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यावरणीय स्थायित्व और जैव विविधता के संरक्षण पर बल देते हुए स्थायी पर्यटन के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पर्यटन विकास से प्राकृतिक और सांस्कृतिक संसाधनों को नुकसान न पहुंचे। पर्यटन मंत्रालय अपनी 'ट्रैवल फॉर लाइफ' पहल के तहत पर्यटकों और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन कार्यपद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे उन गंतव्यों में स्थायित्व को बढ़ावा मिलता है जहां अधिक संख्या में पर्यटक आते हैं।

*****

अनुबंध

श्री संत बलबीर सिंह द्वारा नये पर्यटन स्थलों की खोज के संबंध में दिनांक 27.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 3173 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

(i). पंजाब राज्य के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं निम्नानुसार हैं:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ/स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	विरासत परिपथ 2018-19	आनंदपुर साहिब-फतेहगढ़ साहिब-चमकौर साहिब-फिरोजपुर-खटकड़ कलां-कलानौर-पटियाला का विकास	85.32

(ii). पंजाब राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार हैं:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**गंतव्य**	**एक्पीरिएंस/परियोजना का नाम**	**स्वीकृति की तिथि**	**स्वीकृत लागत**
1	कपूरथला (पंजाब)	कांजली वेटलैंड में इको टूरिज्म का अनुभव	05-03-2024	20.06
2	अमृतसर (पंजाब)	अटारी में सीमा पर्यटन का अनुभव	20-08-2024	25.90

(iii). पंजाब राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत**
1	अमृतसर में करुणा सागर वाल्मिकी स्थल का विकास	2015-16	6.40
2	चमकौर साहिब का विकास	2021-22	31.57

(iv). पंजाब राज्य में पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति की तिथि**	**स्वीकृत राशि**
1	जेसीपी अटारी, वाघा बॉर्डर पर अवसंरचना का विकास	12-06-2018	13.12
2	'जलियाँवाला बाग स्मारक' का जीर्णोद्धार/नवीनीकरण और अमृतसर, पंजाब में जलियाँवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक पर अतिरिक्त कार्य किया जाएगा।	08-03-2019	23.02

(v). पंजाब राज्य के लिए 'पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास (एसएएससीआई योजना)' के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि**
1	एसबीएस नगर के खटकर कलां में शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि के रूप में हेरिटेज स्ट्रीट का विकास	2024-25	53.45

*****